1540(E)
26/02/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 26/2/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, रोसड़ा के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Ilmasnagar-Ballipur-Dumra Road from Ch.-10.709 to 15.316 (Total Length-4.607 Km.) for the year 2025-26 कार्य की पुनर्निविदा के वित्तीय बीड रद्द पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iii) श्री सुनील कुमार सुमन, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।
(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा एवं इस पर विभागीय ज्ञापांक–7666(ई0) दिनांक–14.11.2025 द्वारा संसूचित विभागीय निविदा समिति का निर्णय तदनुसार मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3548(अनु0) दिनांक–25.11.2025 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं संलग्न जाँच–पत्र के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Ilmasnagar-Ballipur-Dumra Road from Ch.-10.709 to 15.316 (Total Length-4.607 Km.) for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, रोसड़ा। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2945.67 लाख। विभागीय ज्ञापांक–6208(एस०) दिनांक–14.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹2892.21 लाख। मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–2414(अनु०) दिनांक–01.08.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹1974.16346 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 06 (Six) Months. |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 12.09.2025 |

कम्प्यूटरीकृत निर्गत
पंजीयन सं०..................
..............................
दिनांक–..................

2.10 प्राप्त निविदा की संख्या : 02 (दो) अद्द यथाः–

(i) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. (ii) Satish Kumar Thakur

2.11 विभागीय निविदा समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग : प्र0–7 / निविदा–03–159–2025 विभागीय ज्ञापांक–7666(ई0) दिनांक–14.11.2025

2.12 परिवाद की स्थिति : परिवाद प्राप्त नहीं है।

2.13 प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण : पुनर्निविदा है। प्रथम बार आमंत्रित निविदा में एकल ही संवेदक द्वारा भाग लेने के कारण इस निविदा को रद्द कर कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, रोसड़ा का ज्ञापांक–943 दिनांक–22.08.2025 द्वारा पुनर्निविदा आमंत्रित किया गया।

3. **मुख्य अभियंता, उत्तर का अनुशंसा (पत्रांक–3548(अनु०) दिनांक–25.11.2025):–**

विषयांकित कार्य की निविदा का वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुई है। दिनांक–12.11.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल एकल निविदाकार की निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (Rs.) | उद्धृत दर (%) | उद्धृत दर पर राशि (Rs.) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Rai Raj Construction Pvt. Ltd. | ₹19,74,16,346.00<br>(उन्नीस करोड़ चौहत्तर लाख सोलह हजार तीन सौ छियालीस रुपये) | परिमाण विपत्र की राशि से 17.01% (सतरह दशमलव शून्य एक) प्रतिशत कम दर पर। | ₹16,38,35,825.55<br>(सोलह करोड़ अड़तीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ पच्चीस रुपये पचपन पैसे) | L-1 |

इस प्रकार वित्तीय बीड के अनुसार सफल एकल निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. हैं, जिनका निविदित दर परिमाण विपत्र की राषि से 17.01% कम है, जिस पर निविदा की राषि ₹16,38,35,825.00 (सोलह करोड़ अड़तीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ पच्चीस रुपये) मात्र होती है। अतः एकल निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. के पक्ष में कुल ₹16,38,35,825.00 (सोलह करोड़ अड़तीस लाख पैंतीस हजार आठ सौ पच्चीस रुपये) मात्र पर कार्य आवंटन की अनुशंसा की जाती है।

4. विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–55(अनु०) दिनांक–07.01.2026 के माध्यम से दिनांक–07.01.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गई, जिसमें तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा निर्णय लिया गया है, जो निम्नरूपेण अंकित है:–

उपभागीय ज्ञापांक–3067 दिनांक–23.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–23.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में दो निविदाकारों में से एक निविदाकार यथा Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष एक निविदाकार Satish Kumar Thakur को SBD के ITB-Cl.4.7 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की गई। साथ ही इस पुनर्निविदा में एकल निविदाकार के सफल होने के फलस्वरूप बिहार लोक निर्माण संहिता–163 के आलोक में विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने का निर्णय लिया गया।

उक्त के आलोक में विभागीय पत्रांक–7666(E) दिनांक–14.11.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–12.11.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही में दो निविदाकारों में से एक निविदाकार Satish Kumar Thakur को SBD के ITB-Cl.4.7 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल एवं शेष एक निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही विभागीय आदेश–141–सह–पठित ज्ञापांक–5355(एस०) दिनांक–28.10.2021 के आलोक में तकनीकी बीड में सफल निविदाकार का वित्तीय बीड खोलने एवं तदोपरान्त वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी निविदा निष्पादनार्थ विभागीय निविदा समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। बशर्तें उक्त विभागीय निदेश के अनुसार निर्धारित अवधि (दो कार्य दिवस) में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त न हो। परिवाद प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरान्त ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया। तद्आलोक में विषयांकित निविदा का वित्तीय बीड अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा के पत्रांक–2551(अनु०) दिनांक–22.11.2025 द्वारा उपभागीय कार्यालय को उपलब्ध कराया गया, जिसे उपभागीय पत्रांक–3548(अनु०) दिनांक–25.11.2025 द्वारा विभागीय निविदा समिति के अनुमोदन हेतु मुख्यालय को समर्पित किया गया।

पथ प्रमंडल, रोसड़ा के अन्तर्गत Construction work of Rosera Bypass (North) from Kalwara Chowk (2nd Km. of Rosera-Hathauri Kothi Road) to Dharha (SH-88) via Lalpur, Mohammadpur, Pawra and Rosera Bypass (South) from Rahua (Km. 26 th of SH-55) to Daulatpur (37th Km. of SH-55) Total Length-12.815 Km. under Road Division, Rosera (Samastipur) for the year 2024-25 की निविदा दिनांक–01.09.2025 को प्राप्त की गई थी। जिसकी निविदा में विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 से प्राप्त निदेश के आलोक में परिवाद की पुनः समीक्षा की गई। समीक्षोपरान्त पाया गया कि विभागीय पत्रांक–6158(S) दिनांक–09.07.2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। अतः इस विभागीय निदेश एवं SBD के ITB Clause 22.4 के आलोक में निविदाकार द्वारा Uploaded Existing Commitment का प्रमाण–पत्र की माँग संबंधित Engineer-in-Charge से उपभागीय पत्रांक–3638(अनु०) दिनांक–02.12.2025 एवं उपभागीय पत्रांक–3637 दिनांक–02.12.2025 से की गई। साथ ही निविदा से संबंधित निविदाकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. एवं M/s Veena Singh को सूचित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर उक्त प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करें अन्यथा इन्हें निविदा में Non-Responsive घोषित कर दिया जायेगा। Engineer-in-Charge से प्राप्त प्रमाण–पत्रों के आधार पर Uploaded Existing Commitment में दर्शायी गयी राशि सही नहीं पाये जाने के कारण उक्त निविदा में सभी तीन निविदाकारों को असफल करने का निर्णय लिया गया।

विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 के आलोक में इस निविदा की पुनः समीक्षा किया गया। Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा कुल नौ कार्यों का Existing Commitment निविदा में दर्शाया गया है। Engineer-in-Charge से प्राप्त प्रमाण–पत्र के आधार पर पाया गया कि Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा (1) OPRMC-2/Package No.-12B (2) Road Cutting of PQC/Bituminous Surface of Different Roads under Road Division, Begusarai for Laying Pipe line for Sewage System under Namami Gange Scheme Proposed by BUIDCO, Begusarai under OPRMC-II Package No.-12B Road Division, Begusarai तथा (3) W/S Work fo Sakari-Bahera (Ch.-8.00 to 16.00) Total Length-8.00 Km. under Road Division, Benipur for the year 2023-24 का Existing Commitment निविदा में क्रमशः 0.52 Cr., 1.0 Cr. एवं 2.0 Cr. दर्शाया गया है। Engineer-in-Charge से प्राप्त प्रमाण–पत्र के अनुसार उक्त कार्यों के लिए निविदा की तिथि को Exiting Commitment क्रमशः 18.0925298 Cr., 7.2163 Cr. एवं 2.9 Cr. है। इस प्रकार Rai Raj Construction Pvt. Ltd. द्वारा निविदा में वास्तविक Existing Commitment से कम राशि दर्शाया गया है। अतः इन्होंने निविदा में गलत सूचना अंकित की गई।

अतः इन्हें SBD के ITB-Cl.4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

<u>निष्कर्ष</u> :– तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरान्त एवं सम्यक विचारोपरान्त उपभागीय ज्ञापांक–3067 दिनांक–23.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–23.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए विषयांकित पुनर्निविदा में शामिल दोनों निविदाकार यथा (1) Satish Kumar Thakur को SBD के ITB-Cl.4.7 के आलोक में तथा (2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd. को निविदा में गलत सूचना अंकित करने के फलस्वरूप SBD के ITB-Cl.4.8 के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने की संशोधित अनुशंसा की जाती है। साथ ही इस निविदा में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप पुनर्निविदा आमंत्रित करने हेतु विभागीय निविदा समिति का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

5. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

5.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3548(अनु०) दिनांक–25.11.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं विभागीय पत्रांक–7940(E)We दिनांक–26.11.2025 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–55(अनु०) दिनांक–07.01.2026 से प्राप्त दिनांक–07.01.2026 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की संशोधित अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में शामिल दोनों निविदाकार यथा **(1) Satish Kumar Thakur** को **SBD** के **ITB-Cl.4.7** तथा **(2) Rai Raj Construction Pvt. Ltd.** को निविदा में गलत सूचना अंकित करने के फलस्वरूप **SBD** के **ITB-Cl.4.8** के आलोक में पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) विभागीय ज्ञापांक–7666(E) दिनांक–14.11.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–12.11.2025 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के पुनर्निविदा के तकनीकी बीड में किसी भी निविदाकार के सफल नहीं होने के फलस्वरूप निविदा को रद्द कर पुनर्निविदा आमंत्रित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाता है।

5.2 निविदाकार **Rai Raj Construction Pvt. Ltd.** के द्वारा गलत सूचना **Upload** कर निविदा की अर्हत्ता प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। तद्नुसार **Rai Raj Construction Pvt. Ltd.** को **SBD** के **ITB Cl-4.8 (Misleading & False Representations)** के तहत् पथ निर्माण विभाग के अधिसूचना–5737(S) दिनांक–07.05.2007 द्वारा अधिसूचित बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के तहत् कार्रवाई किया जाय।

5.3 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26/02/26<br>(मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | 26/2/26<br>(सुनील कुमार सुमन)<br>मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | 26/2/26<br>(उमा कान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–159/2025 1540 (E) पटना, दिनांक 26/02/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पथ अंचल, दरभंगा/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, रोसड़ा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/2/26
(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।